## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 31 जनवरी (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 01 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1732:राट्सबॉन्स की संसद ने व्यावहारिक प्रतिबंध स्वीकार किया। 1783:विलियम हर्षेल ने लम्बेडा हरकुलिस को स्टार के रूप में घोषित किया। 1793:फ्रांस ने ग्रेट ब्रिटेन और नीदरलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1797:लार्ड कॉर्नवालिस ने बंगाल के गवर्नर जनरल के रूप में शपथ ली। 1814:फिलीपींस में मेयॉन ज्वालामुखी फटने से करीब 1,200 लोगों की मौत हो गयी। 1827:बंगाल क्लब ऑफ कलकत्ता की स्थापना हुई। 1835:ईस्ट इंडिया कंपनी ने दार्जिलिंग क्षेत्र को सिक्किम से लीज पर लिया। 1835:मॉरीशस में दासता समाप्त की गई। 1855:ईस्ट इंडिया रेलवे का आधिकारिक रूप से उ?द्घाटन किया गया। 1881:दिल्ली के सबसे प्रतिष्ठित और पुराने कॉलेज सेंट स्टीफन की स्थापना हुई। 1884:डाक बीमा योजना की शुरूआत हुई थी। 1884:ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी का पहला वॉल्यूम प्रकाशित हुआ। 1908:पुर्तगाल के राजा कार्लोस (प्रथम) और उनके बेटे राजकुमार लुइस फिलीप की लिस्बन में हत्या। 1913:न्यूयॉर्क सिटी के ग्रांड सेंट्रल टर्मिनल का पुनर्निर्माण किया गया और दुनिया के सबसे बड़े रेलवे में फिर से खोला गया। 1914:अभिनेता अवतार किशन हंगल का जन्म। 1946:नार्वे के नेता ट्रेग्वे लाई को संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रथम महासचिव चुना गया। 1949:प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने एसोसिएटेड प्रेस ऑफ इंडिया का अधिग्रहण किया। 1953:नीदरलैंड, बेल्जियम, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में आई बाढ़ से 2500 से ज्यादा लोगों की मौत हुई, जिसमें सिर्फ नीदरलैंड में ही 1836 लोग मारे गए। 1958:मिस्र और सीरिया संयुक्त अरब गणराज्य बनाने के लिए सहमत हुए। 1974:मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर को संघीय क्षेत्र घोषित किया गया। 1977:भारतीय नौसेना तटरक्षक बल का गठन। 1991:अफगानिस्तान और पाकिस्तान में भूकंप से करीब 1200 लोगों की मौत हुई। 1992:अमेरिका के तटरक्षक ने हूती से लगभग 14,000 शरणार्थियों को उनके देश को भेजना शुरू किया। 2000:न्यू मेक्सिको की लॉस एलेम्स राष्ट्र की घोषणा की।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 31 जनवरी, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- ढैया 1350, रसकट ढैया 1230-1255, चाकू 1360-1460, लड्डू 1360-1395, खुरपापाड़ 1300-1332, शक्कर मसाला 1400-1420। आमद- 6000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 31 जनवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 84100 | चांदी- | 93700 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 62825 |

## आपका आज का राशिफल

शनिवार, 01 फरवरी, 2025

**मेष-** ग्रहयोग बेहतर, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित, परिवार में उल्लासमय वातावरण। **वृषभ-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर होने को, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्यक्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, यात्रा का सुयोग। **मिथुन-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव। **कर्क-** लाभ का सुअवसर, आपसी संबंधों में मधुरता, अपने स्तर को बनाए रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, दायित्व की पूर्ति का प्रयास, मन प्रसन्न। **सिंह-** सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभि-रुचि, परिवार में सुख-शांति, योजना की शुरूआत हेतु मित्रों से विचार-विमर्श। **कन्या-** नवउत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष में सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, नवसम्पर्क से आत्मिक शांति की अनुभूति। **तुला-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार में तनाव, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चनें, व्यर्थ भ्रमण से परेशानी। **वृश्चिक-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, सम्मान में वृद्धि, वाहन सुख की प्राप्ति, मन में खुशी। **धनु-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों में अभिरुचि, दूसरों के आश्वासन से राहत, नवसमाचार से हर्ष। **मकर-** नवीन कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छाशक्ति जागृत, विवाद का समापन, विरोधी परास्त। **कुम्भ-** प्रियजनों से मतभेद, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएँ यथावत, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि। **मीन-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, आत्मिक शांति।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# पालिका जलकल में दो जेई में जिम्मेदारी को लेकर घमासान

## पालिका से चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के पत्र गुम होने का उठा मुद्दा

**मुजफ्फरनगर, 31 जनवरी (बु.)।** चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के आदेशों में लापरवाही होने के मामले लगातार सामने आते रहे है। बीते दिवस बोर्ड बैठक में भी इस मुद्दे को लेकर सभासदों ने नाराजगी जताई कि उनके द्वारा दिए जनहित मामलों के पत्र यहां से गायब होते रहते हैं, अब यहां पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप द्वारा जारी किए आदेश को भी गायब किया जा रहा है। यहां तक नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या द्वारा भेजे पत्र को मुख्य कार्यालय में रिसीव नहीं किया और वापस लौटा दिया।

सभासद राजीव शर्मा व रजत धीमान आदि ने चेयरपर्सन व ईओ के समक्ष गंभीरता के साथ कदम उठाने और पत्रों को गायब करने के मामले में जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की। इसके साथ सभासदों ने जलकल विभाग में कार्यरत जेई जितेन्द्र कुमार और जेई धर्मवीर सिंह के बीच कार्य विभाजन को लेकर चल रही रार को शहरी विकास में बाधा बताते हुए कहा कि पालिका चेयरपर्सन के आदेश को अनदेखा किया है। चेयरपर्सन ने जेई जितेन्द्र कुमार को पथ प्रकाश विभाग में प्रभार देकर जलकल विभाग के कार्यों के दायित्व नहीं सौंपे हैं, ये कार्य धर्मवीर सिंह द्वारा किये जा रहे थे, लेकिन एई सुनील कुमार ने अपनी मर्जी से जितेन्द्र कुमार को ही सारे कार्य सौंप दिए, जो आदेशों का उल्लंघन है।

## चेयरपर्सन ने देखी रामपुरी वार्ड 21 की सफाई व्यवस्था, स्थानीय लोगों से मिलकर जाना हाल, दिया आश्वासन



**मुजफ्फरनगर, 31 जनवरी (बु.)।** नगरीय क्षेत्र में विकास की गति को पंख लगाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने रुड़की रोड स्थित वार्ड 21 मौहल्ला रामपुरी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने क्षेत्र की साफ-सफाई को सुदृढ़ बनाने के साथ क्षेत्र में नियमित रूप से कूड़ा उठान एवं अन्य समस्याओं का निदान कराए जाने के निर्देश दिए। शुक्रवार को नगरपालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का सच जानने के साथ स्थानीय लोगों की तमाम समस्याओं को नजदीक से जाना। पालिका के वार्ड 21 मौ. रामपुरी के निरीक्षण के दौरान चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सफाई के लिए क्षेत्र के सफाई नायक को मौके पर निर्देशित किया कि क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए। निरीक्षण के बीच चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनने के साथ उनका निदान कराए जाने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व पालिका अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा, सभासद रजत धीमान, सफाई नायक समेत क्षेत्र के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## कुत्तों की नसबंदी के साथ फिर से बंदर पकड़ेगी पालिका

**मुजफ्फरनगर, 31 जनवरी (बु.)। नगरीय क्षेत्र में गलियों में घूम रहे आवारा कुत्तों के आतंक से मुक्ति दिलान की दिशा में नगर पालिका प्रशासन ने कदम बढ़ाए है। इसके आतंक को रोकने के लिए वार्ड सभासदों की ओर से बोर्ड बैठक में आवाज उठाई गई थी। इसके लिए अब पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने कार्यवाही शुरू करते हुए पालिका के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल को आवारा कुत्तों की नसबंदी करने के निर्देश दिए है। वहीं पूर्व में शुरू व्यवस्था को फिर से प्रारंभ करते हुए बंदरों को भी पकड़वाने के निर्देश दिए है। नगर पालिका क्षेत्र में आवारा कुत्तों के आतंक से दिन छिपते ही लोग काफी भयभीत हो जाते है। रात्रि में शहर के किसी मौहल्ले व गली से गुजरना वाहन चालक के लिए तो खतरे से खाली नहीं है। ऐसे में आवारों कुत्तों का झुंड कई बार हमला कर सड़कों पर निकले बच्चों, महिलाओं के साथ बाइक सवार युवकों को घायल कर चुके है। स्थानीय लोगों ने उक्त मामले में वार्ड सभासदों ने पालिका बोर्ड बैठक में भी बीते दिवस आवाज उठाई थी। इस मामले में सभासद योगेश मित्तल ने कहा कि उनके वार्ड में पूर्व में आवारा कुत्ते के हमले से युवक की मौत हो चुकी है। कुत्तों के बढ़ते आतंक को लेकर ऐसे में तमाम लोग डरे हुए है। इस मामले में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने पालिका के नगर स्वास्थ्य अधिकारी को कुत्तों की नसबंदी कराने के निर्देश दिए हैं। नगर स्वास्थ्य अधिकारी अतुल कुमार का कहना है कि कुत्तों की नसबंदी करने के लिए पालिका के पास संसाधनों का अभाव है।**

## दिल्ली में आ रहा जहरीला पानी अब बंद हुआ: केजरीवाल

**नई दिल्ली, 31 जनवरी (वार्ता)।** आम आदमी पार्टी(आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि हम सबका संघर्ष रंग लाया और दिल्ली में जो ज़हरीला पानी भेजा जा रहा था वह अब बंद हो गया। श्री केजरीवाल ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी, हमारी सरकार और दिल्ली के ढाई करोड़ लोगों का संघर्ष सफल हुआ और सकारात्मक नतीजा लाया। गत 26-27 जनवरी तक हरियाणा की सरकार दिल्ली में जो हरियाणा पानी भेज रही थी आज वह 7.2 पीपीएम अमोनिया से 2.1 पीपीएम पर आ गया है तथा 2.1 अमोनिया के साथ हमारे अधिकतर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट ठीक चल सकते हैं और लोगों को ठीक-ठाक पानी मिल सकता है। संघर्ष की वजह से पानी में अमोनिया का स्तर नीचे आया। इससे साफ जाहिर होता है कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने दिल्ली में त्राहि मचाने के लिए अमोनिया वाला पानी भेजा था।

# नगर में धूमधाम के साथ निकली बाबा की ध्वजा यात्रा

## आज स्वर्ण रथ पर सवार होकर आएंगे सालासर बाला जी महाराज, उत्साह



**मुजफ्फरनगर, 31 जनवरी (बु.)।** नगर के पचैंडा रोड स्थित श्री सालासर धाम मंदिर के पंचम वार्षिक उत्सव के बीच शुक्रवार को नगरीय क्षेत्र में धूमधाम के साथ निकाली ध्वज यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया। श्री सालासर बालाजी धाम सेवा समिति की ओर से आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के बीच शुक्रवार प्रातः श्री हनुमान मंदिर प्रांगण शामली रोड से श्री मनोकामना पूर्ण ध्वजा यात्रा प्रारंभ हुई।

श्री सालासर धाम मंदिर के वार्षिक उत्सव के बीच शुक्रवार को नगरीय क्षेत्र में बाबा की भव्य मनोकामना पूर्ण ध्वजा नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकली। इस मनोकामना ध्वज यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चों ने प्रतिभाग किया। डीजे की धुन पर नगरीय क्षेत्र में निकली ध्वजा यात्रा में भगवान सालासर महाराज के जयघोष के बीच में तमाम श्रद्धालु शुक्रवार सुबह शामली रोड श्री हनुमान मंदिर से पूर्ण जोश और उत्साह के साथ भगत सिंह रोड, शिवचौक, झांसी की रानी, बालाजी चौक, मालवीय चौक, गांधी कॉलोनी पुल होते हुए शिव मंदिर गांधी कॉलोनी से पचेंडा रोड स्थित श्री सालासर धाम मंदिर परिसर में संपन्न हुई, जहां विशाल भंडारे के साथ ध्वजा यात्रा का विश्राम हुआ। इस दौरान अनेक स्थानों पर ध्वजा यात्रा का पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अध्यक्ष नीरज बंसल के अलावा पवन गोयल, प्रेमपाल सिंह, हिमांशु गर्ग, विकास गुप्ता, राजीव बंसल, डॉ. कमल गुप्ता, राजीव वर्मा, विकास गोयल, विपुल गर्ग, रवि कुमार, कार्तिक तायल, नितिन तायल, आशुतोष गर्ग, कार्तिक गोयल, अजय मित्तल, ब्रजमोहन वर्मा, दिनेश कुमार, आयुष बंसल, तुषार शर्मा, अक्षत बंसल, दीपांशु, तन्मय गर्ग, अनंत, कुणाल एवं संचित गर्ग आदि मौजूद रहे। बता दें, पांच दिवसीय उत्सव में शनिवार को भव्य शोभायात्रा में स्वर्ण रथ पर विराजमान श्री सालासर बाला जी महाराज नगर के मुख्य मार्गों से नगर भ्रमण के बाद वापस पचैंडा रोड होते हुए मंदिर प्रांगण में संपन्न होगी। बाबा भ्रमण करते हुए नगरवासियों के दु:खों का विनाश कर सभी की मनोकामना को पूर्ण करेंगे। इसके अलावा दो फरवरी को सालासार बालाजी धाम में भव्य जागरण और 3 फरवरी को मन्दिर प्रांगण में श्री हनुमान जी के कृपापात्र श्रीरस राज महाराज सम्पूर्ण सुन्दर काण्ड का पाठ एवं 4 फरवरी को मंदिर प्रांगण के विशाल भंडारे के साथ 5 दिवसीय कार्यक्रम का समापन होगा।

# बुजुर्ग पंजीकृत व्यापारी की पेंशन लागू करने की मांग को लेकर व्यापारी नेता हुए लामबंद



## उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के नेताओं ने डीएम के नाम दिया ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 31 जनवरी (बु.)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े दर्जनों व्यापारी शुक्रवार को डीएम उमेश मिश्रा से मिले। इस दौरान उन्होंने अपनी प्रमुख मांगों को रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम डीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि 60 वर्ष से अधिक के पंजीकृत सभी व्यापारियों को पेंशन दिलाई जाये। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले शुक्रवार को दर्जनों व्यापारी एकत्र होकर डीएम कार्यालय पर पहुंचे। व्यापारियों ने डीएम उमेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि व्यापारियों को 60 वर्ष से ऊपर की आयु पर पेंशन दी जाए। पंजीकृत व्यापारी के स्टॉक का बीमा करने की जिम्मेदारी सरकारी स्तर से की जाए। वहीं जीएसटी में सरलीकरण और मंडी समिति शुल्क समाप्त करके इसे जीएसटी में समायोजित किए जाने की भी मांग की। इसके साथ यह भी कहा कि लखनऊ में किसान भवन के तर्ज पर ही व्यापार भवन बनाया जाए। इस दौरान अनिल गर्ग, अनिल कंसल, जयवीर सिंह, दीपक वर्मा, हर्ष सिंघल, शिवकुमार, राधे श्याम विश्वकर्मा, रामकुमार तायल, अमित अग्रवाल, कुलदीप मित्तल आदि मौजूद रहे।

## अब फरवरी से ही कहर बरपाएगी गर्मी, दिखेगा सूखा

**नई दिल्ली, 31 जनवरी (एजेंसी)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि जनवरी के गर्म और शुष्क रहने के बाद, फरवरी में भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। फरवरी में बारिश 22.7 मिमी की लंबी अवधि के औसत (1971-2020) के 81 प्रतिशत से कम होने की संभावना है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि पश्चिम-मध्य, प्रायद्वीपीय और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। उत्तर-पश्चिम और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में फरवरी में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद है। पश्चिम-मध्य और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। आईएमडी के महानिदेशक ने कहा भारत में जनवरी में औसतन 4.5 मिमी बारिश हुई, जो 1901 के बाद से चौथी सबसे कम और 2001 के बाद तीसरी सबसे कम बारिश है। जनवरी में देश का औसत तापमान 18.98 डिग्री सेल्सियस रहा, जो 1901 के बाद से इस महीने का तीसरा सबसे अधिक तापमान था।

## आप में लगी इस्तीफों की झड़ी, सात विधायकों ने पार्टी छोड़ी

**नई दिल्ली, 31 जनवरी (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोटिंग होगी। इससे पहले, आम आदमी पार्टी (आप) के सात विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। सबसे पहले महरौली के विधायक नरेश यादव ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दिया था। इसके बाद छह और विधायकों ने पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया। इस तरह सातों विधायकों ने केजरीवाल को चिट्ठी लिखकर इस्तीफे की घोषणा की। इसमें जनकपुरी के विधायक राजेश ऋषि, पालम से भावना गौड़, बिजवासन से बीएस जून, आदर्श नगर से पवन शर्मा, कस्तूरबा नगर से मदनलाल, त्रिलोकपुरी से रोहित महरौलिया शामिल हैं। सभी विधायक इस चुनाव में टिकट कटने से नाराज चल रहे थे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को आम आदमी पार्टी को एक-दो नहीं बल्कि सात झटके लगे हैं। सबसे पहले महरौली के विधायक नरेश यादव ने इस्तीफा दिया। इसके कुछ घंटे बाद ही जनकपुरी से विधायक राजेश ऋषि ने पार्टी छोड़ी फिर त्रिलोकपुरी से विधायक रोहित कुमार मेहरौलिया, कस्तूरबा नगर के विधायक मदन लाल, बिजवासन से भुपेंद्र सिंह, पालम से भावना गोड़ और फिर आदर्श नगर से पवन कुमार शर्मा ने भी अपना इस्तीफा दे दिया। बता दें कि इन सभी विधायकों को पार्टी से टिकट नहीं मिला था। सबसे पहले पार्टी छोड़ने वाले नरेश यादव ने केजरीवाल को भेजी अपनी चिट्ठी में लिखा है कि आम आदमी पार्टी का उदय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए अन्ना आंदोलन से भारतीय राजनीति से भ्रष्टाचार के मुक्त करने के लिए हुआ था, लेकिन अब मैं बहुत दुखी हूं कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार बिल्कुल भी कम नहीं कर पाई, बल्कि आम आदमी पार्टी ही भ्रष्टाचार के दलदल में लिप्त हो चुकी है। मैंने आम आदमी पार्टी ईमानदारी की राजनीति के लिए ही ज्वाइन की थी। आज कहीं भी ईमानदारी नजर नहीं आ रही है। मैंने महरौली विधानसभा में पिछले 10 सालों से लगातार 100 फीसदी ईमानदारी से काम किया है। महरौली के लोग जानते हैं कि मैंने ईमानदारी की राजनीति, अच्छे व्यवहार की राजनीति और काम की राजनीति की है। मैंने महरौली के बहुत से लोगों से चर्चा की, सभी ने यही कहा कि आम आदमी पार्टी अॅब पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुकी है। आपको इस पार्टी को छोड़ देना चाहिए क्योंकि इन्होंने लोगों के साथ धोखा किया है। कहते थे, कि हम ईमानदारी की राजनीति करेंगे लेकिन आज पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या-8511, दिनांक 30/07/2013 में नियमों की जानकरी न होने के कारण मेरी पुत्री का नाम आफरीन काज़मी (AAFREEN KAZMI) अंकित नही कराया गया था। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया था।

**जुनैद काजमी**
311/1, खादर वाला, मुजफ्फरनगर

## यूपी सिपाही भर्ती में 10 फरवरी को शारीरिक दक्षता की परीक्षा

**लखनऊ, 31 जनवरी (एजेंसी)।** सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड़) 10 फरवरी से आयोजित होगी। शारीरिक मानक परीक्षा और दस्तावेजों के सत्यापन में सफल अभ्यर्थी इसमें शामिल होंगे। बोर्ड ने अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि शारीरिक दक्षता परीक्षा दो चरणों में होगी। पहले चरण में दौड़ के लिए अर्ह अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने का लिंक 3 फरवरी, जबकि दूसरे चरण का 10 फरवरी को जारी किया जाएगा। बोर्ड ने कहा है कि यदि किसी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कठिनाई हो रही है तो वह हेल्पलाइन नंबर 8867786192 पर संपर्क कर सकता है। बोर्ड ने शारीरिक दक्षता परीक्षा की प्रक्रिया भी निर्धारित कर दी है। इसके तहत पुरुष अभ्यर्थियों को 25 मिनट में 4.8 किमी, जबकि महिला अभ्यर्थियों को 2.4 किमी की दौड़ 14 मिनट में पूरी करनी होगी। दौड़ परीक्षा बोर्ड द्वारा गठित समिति द्वारा कराई जाएगी, जिसमें जिला/कमिश्नरेट के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामित एक उप जिलाधिकारी, सीएमओ द्वारा नामित डॉक्टर, कमिश्नर/एसएसपी द्वारा नामित डिप्टी एसपी शामिल होंगे। समिति द्वारा मैनुअल टाइमिंग का प्रयोग करने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा में सेंधमारी रोकने के लिए सीसीटीवी और बायोमीट्रिक्स सिस्टम का प्रयोग किया जाएगा।

## 96 घंटे में 65 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे, भीड़ नियंत्रण के लिए लागू की गई नई व्यवस्था

**अयोध्या, 31 जनवरी (एजेंसी)।** मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में आस्था की डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ अयोध्या पहुंच रही है। आलम यह रहा कि रातोंरात अयोध्या की सड़कें श्रद्धालुओं से खचाखच भर गईं। सुबह होते ही जय श्रीराम के जयकारे गूंजने लगे। 96 घंटे में 65 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। बृहस्पतिवार को करीब 15 लाख श्रद्धालुओं ने सरयू में डुबकी लगाकर मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर स्नान करने के बाद श्रद्धालु सीधे रामनगरी पहुंच रहे हैं। आंखों में श्रद्धा व सिर पर गठरी लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। सुबह चार बजे से सरयू के घाटों पर स्नान शुरू हो गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने हनुमानगढ़ी व राम मंदिर का रुख किया। आराध्य के दर्शन पाने को श्रद्धालु देर रात तक कतारबद्ध दिखे। एडीजी जोन, मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम चंद्र विजय सिंह ने बिड़ला धर्मशाला से लता चौक तक पैदल चलकर श्रद्धालुओं से बातचीत की व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उधर, भीड़ नियंत्रण के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। बृहस्पतिवार को उदया चौराहे से ही श्रद्धालुओं को पैदल भेजा गया। श्रद्धालु रामपथ पर टेढ़ीबाजार तक करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचे लेकिन यहां से रामपथ पर आगे नहीं बढ़ सके। टेढ़ीबाजार चौराहे से रामजन्मभूमि थाने की ओर श्रद्धालुओं को मोड़ दिया गया। श्रद्धालु रामजन्मभूमि के पीछे से होते हुए नया घाट, सरयू तट, रामजन्मभूमि भूमि व हनुमानगढ़ी पहुंचे। दर्शन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं की निकासी फिर रामपथ से होती रही। इस तरह श्रद्धालुओं को आठ से दस किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है लेकिन रामलला के दर्शन की उत्कंठा में श्रद्धालु सभी दुश्वारियों को दरकिनार करते आगे बढ़ते रहे। भीड़ नियंत्रण के लिए रामपथ की गलियों को भी बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया है। जिस रास्ते से श्रद्धालु गुजर रहे हैं उधर से रामपथ पर प्रवेश के सभी मार्गों पर बैरियर लगाए गए हैं।

# आप ने दिल्ली को एटीएम बनाया, गरीबों के कल्याण के लिये भाजपा सरकार जरूरी: मोदी



**नई दिल्ली, 31 जनवरी (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर दिल्ली को अपनी राजनीति चमकाने के लिये एटीएम (पैसा निकालने की मशीन) बनाने आरोप लगाया और कहा कि गरीबों के कल्याण के लिये राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनाना जरूरी हो गया है।

श्री मोदी ने दिल्ली के द्वारका क्षेत्र में अपराह्न भाजपा की एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एक दशक से अधिक समय से सत्तारूढ़ आप को 'आप-दा' की संज्ञा से संबोधित करते हुये आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर अपने आवास के निर्माण के लिये भारी धन खर्च करने को लेकर परोक्ष रूप से हमला किया। उन्होंने कहा कि आप-दा सरकार ने केंद्र सरकार के बनाये हुये हजारों घर दिल्ली के गरीबों को नहीं सौंपे हैं। अपने लिए करोड़ों का शीश महल बनवाने वालों को गरीब का ये दर्द कभी समझ नहीं आयेगा। गरीबों के घर के लिए यहां भाजपा सरकार बननी जरूरी है। उन्होंने कहा कि ये (आप पार्टी के लोग) टीवी पर, अखबारों में, सड़कों के किनारे अपने चेहरे चमकाने के लिये पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं, लेकिन आपकी गली, नाली, सीवर, सड़क, पाइपलाइन... इनको बनाने के लिये आप -दा वाले पैसा नहीं देते। मेरा अपना तो कोई घर नहीं है, लेकिन मेरा सपना है कि मैं हर गरीब को पक्का घर दूं।

## बजट सत्र से पहले मोदी ने किया मां लक्ष्मी का आह्वान, कहा-नारी के सम्मान को हम ला रहे कानून

**नई दिल्ली, 31 जनवरी (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी ने संसद के बजट सत्र से पहले समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी का आवाहन करते हुए कहा कि इस सत्र में नारी को सम्मान और समानता देने संबंधी कानून सहित कई महत्वपूर्ण कानून बनाये जाएंगे। श्री मोदी ने शुक्रवार को संसद परिसर में बजट सत्र से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगले वित्त वर्ष का बजट न केवल नया विश्वास पैदा करने वाला होगा, बल्कि सुधारों को और बल देने वाला होगा। उन्होंने कहा कि मां लक्ष्मी हमें सिद्धि और विवेक देती है, समृद्धि और कल्याण देती है। मैं प्रार्थना करता हूं कि देश के हर गरीब और मध्यम वर्गीय समुदाय पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा रहे। श्री मोदी ने कहा कि इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित होंगे और कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चाएं होंगी। बजट सत्र की शुरुआत दोनों सदनों के अधिवेशन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से हुई।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 3222, दिनांक 06/04/2017 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम ओम शर्मा अंकित नही कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी वह इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**नितिश शर्मा**
म.न. 538, गली नं.–3
आनन्दपुरी, मुजफ्फरनगर

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 12126, दिनांक 30/12/2010 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम गुरकिरत सिंह अंकित नही कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी वह इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**राजीव मलिक**
न्यू चकरोड, शिवनगर
सुभाषनगर, सरवट, मुजफ्फरनगर

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 9989, दिनांक 01/10/2024 में गलती से नाम समर (SAMAR) अंकित कराया गया था जबकि उसका वास्तविक नाम मौ0 समर (MOHD SAMAR) हैं और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सद्दाम हुसैन**
जसोई, मुजफ्फरनगर
मो. 9781418786

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या-478, दिनांक 23/01/2023 में गलती से नाम शान (SHAAN) अंकित कराया गया था। जबकि उसका वास्तविक नाम मौ0 शान (MOHD SHAAN) है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सद्दाम हुसैन**
जसोई, मुजफ्फरनगर
मो. 9781418786

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में अब तक 5848 लोगों ने डाले वोट

**नई दिल्ली, 31 जनवरी (वार्ता)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा कुछ विशेष वर्ग के मतदाताओं को घर से वोट देने की सुविधा का लाभ उठाते हुए अब तक करीब छह हजार मतदाता डाक मतपत्रों के जरिये अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर एलिस वाज ने शुक्रवार को बताया कि अब तक घर से मतदान की सुविधा के जरिये 5848 डाक मतपत्र डाले गए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की मतगणना को लेकर विशेष योजना बनायी गयी है, जिसे चुनाव आयोग ने मंजूरी दे दी है। इसके तहत दिल्ली के 11 जिलों में 19 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में 80 साल से अधिक उम्र के लोगों और दिव्यांगों को घर से मतदान करने की सुविधा प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि 05 फरवरी को दिल्ली विधानसभा की सभी 70 सीटों पर मतदान होगा। वहीं, 08 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

## महाकुंभ में डुबकी लगाने वालों की संख्या तीस करोड़ पहुंची

**महाकुंभ नगर, 31 जनवरी (वार्ता)।** महाकुंभ के मौके पर पतित पाविनी गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर पुण्य की डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आयी है। त्रिवेणी के तट पर श्रद्धालुओं का सैलाब आस्था के समंदर में घुलता मिलता नजर आ रहा है। सफर की दुश्वारियों और पैदल चलने से हुयी थकान को मां गंगा अपने आंचल में समा कर मिनटों में समाप्त कर रही हैं और यह पावन डुबकी लगाकर वापस घर लौट रहे श्रद्धालुओं के चेहरे पर साफ नजर आ रहा है। शुक्रवार भोर से सुबह दस बजे तक दस लाख कल्प वासियों समेत 56 लाख 72 हजार श्रद्धालु त्रिवेणी में पवित्र स्नान कर चुके थे जिन्हे मिला कर महाकुंभ में अब तक स्नान करने वालों की संख्या बढ़ कर 29 करोड़ 64 लाख हो चुकी है। इस बीच प्रयागराज जिला प्रशासन ने साफ किया है कि मेला क्षेत्र को छोड़ कर प्रयागराज में वाहनो के प्रवेश पर फिलहाल कोई प्रतिबंध नहीं है। भगदड़ की घटना होने के बाद भी लगातार यहां पर श्रद्धालुओं की भीड़ का दबाव बन रहा है, सीमाओं पर काफी भीड़ बनी है।

## वाराणसी में नाव पलटने से छह यात्री नदी में गिरे, सुरक्षित

**वाराणसी, 31 जनवरी (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी के दशाश्वमेध पुलिस क्षेत्र में मान मंदिर घाट पर दो नावों के टकरा कर पलटने से छह यात्री नदी में गिर गये लेकिन लाइफ जैकेट पहने रहने के कारण सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अपर पुलिस आयुक्त एस चिन्नापा ने शुक्रवार को बताया कि दो निजी नावें आपस में टकरा गयी, जिनमें एक बड़ी नाव थी जिसमें लगभग 58 यात्री सवार थे और दूसरी छोटी नाव जिसमें छह यात्री सवार थे। हादसे के बाद छोटी नाव गंगा नदी में पलट गई जिसमें सभी छह यात्री नदी में गिर गए लेकिन सभी ने लाइफ जैकेट पहन रखी थी इसलिए कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। उन्होंने बताया कि मौके पर मौजूद एनडीआरएफ, जल पुलिस और पीएसी के जवानों ने सभी छह यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया। उनमें से दो को मामूली चोट आई और उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। श्री चिन्नापा ने कहा कि नाव मालिकों के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

## केजरीवाल के घर के बाहर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली, 31 जनवरी (वार्ता)।** युवा कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी(आप) के नेता अरविंद केजरीवाल पर झूठ बोलने और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को उनके आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यकर्ता संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के बाहर एकत्रित हुए और श्री केजरीवाल के फिरोजशाह रोड स्थिति श्री केजरीवाल के घर के लिए रवाना हुए लेकिन पुलिस उन्हें बेरिकेटर लगा कर रोक दिया और आगे नहीं बढने दिया। कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध किया और श्री केजरीवाल के घर की तरफ बढने लगे लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढने दिया।

## घुसपैठ की कोशिश करते समय दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर, 31 जनवरी (वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में सतर्क सेना के जवानों ने पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों की कोशिश को नाकाम करते हुए गुरुवार रात दो घुसपैठियों को ढेर कर दिया। सेना ने शुक्रवार को कहा कि कल रात, आतंकवादियों की गतिविधि का पता चलने के बाद सतर्क सैनिकों ने घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की और यह रात भर जारी रही। इस कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए।' उन्होंने बताया कि मौके पर तलाशी में युद्ध में बड़ी संख्या में हथियार और गोला बारूद मिले हैं। उन्होंने बताया कि सेना का अभियान जारी है। इससे पहले, गुरुवार को पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश का सुराग मिलते ही जवानों ने अभियान शुरू कर दिया था और घुसपैठियों के साथ गोलीबारी शुरू हो गयी थी। इससे पहल, कठुआ जिले के बिलावर के वन क्षेत्र में भी 25 जनवरी को संदिग्ध आतंकवादियों और सेना के जवानों के बीच गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया था।

